दिनांक 25.04.2012 को 12:00 बजे पूर्वाह्न में अवर निबंधन कार्यालय, ह0 अइगपुर एवं तारापुर में मिनी हार्डवेयर स्थापित करने के संबंध में समाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष, मुंगेर स्कोर की अध्यक्षता में आहूत बैठक की कार्यवाही :-

उपस्थिति :

1. श्री कुलदीप नारायण, जिला पदाधिकारी, मुंगेर।
2. श्री मनोज कुमार संजय, जिला अवर निबंधक-सह-सचिव, मुंगेर स्कोर।
3. श्री पंकज कुमार झा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, मुंगेर।
4. श्री अजय शर्मा, जिनियस इन्फोटेक, ह0 अइगपुर।
5. श्री विश्वजीत कुमार पोद्दार, मिलेनियम कम्प्यूटर्स, तारापुर।

सर्वप्रथम सचिव, मुंगेर स्कोर ने अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सूचित किया कि पूर्व में मुंगेर स्कोर की कार्यकारिणी में लिये गये निर्णय के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक 75, दिनांक 09.12.2011 के द्वारा अवर निबंधन कार्यालय, हवेली अइगपुर एवं तारापुर में दस्तावेजों की कम उपस्थापन की वजह से मिनी हार्डवेयर सेट स्थापित करने हेतु बाईस्कोर से मार्दर्शन की मांग की गयी थी। बाईस्कोर द्वारा विचारोपरान्त अपने पत्रांक 18, दिनांक 02.02.2012 द्वारा उपरोक्त दोनों कार्यालयों में मिनी हार्डवेयर सेट स्थापित करने पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दी गयी तथा निदेशित किया गया कि जिस अनुपात में हार्डवेयर आपूर्तिकर्त्ता से लिया जाएगा उसी अनुपात में निर्धारित किराये से आपूर्तिकर्त्ता का मासिक किराया निर्धारित किया जाएगा।

उपस्थित दोनों हार्डवेयर आपूर्तिकर्त्ता से इस बिन्दु पर मन्तव्य मांगा गया कि उनके द्वारा दिये जा रहे हार्डवेयर के प्रत्येक अवयव का क्या किराया मानक निर्धारित किया गया है। उपस्थित दोनों वेन्डरों ने निम्नलिखित दर पर कार्य करने में अपनी सहमति जतायी एवं सभी हार्डवेयर को मिलाकर कुल 16500/- (सोलह हजार पांच सौ) रू0 किराया निर्धारित किया गया जो निम्न है :-

क्र0	हार्डवेयर	दर	मात्रा	कुल राशि
1	2	3	4	5
01	Server	4950.00 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	01	4950-00
02	Computer (Desktop)	1237.50 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	04	4950.00
03	Scanner	2475.00 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	02	4950.00
04	Printer	412.50 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	02	825.00
05	Webcam+Thumb Device	825.00 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	01	825.00
कुल राशि				16500.00

तकनीकी विचार-विमर्श करने पर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, मुंगेर ने अपना मन्तव्य दिया कि खड़गपुर एवं तारापुर दोनों कार्यालयों में 04 कम्प्यूटस डेस्कटॉप, दो स्कैनर की आवश्यकता नहीं है, बल्कि एक सर्वर, दो कम्प्यूटर, एक स्कैनर, दो प्रिंटर एवं एक Webcam + Thumb Device एवं की ही आवश्यकता उचित है। इस प्रकार वर्तमान में दिये जा रहे हार्डवेयर में से यदि मिनी हार्डवेयर सेट दिया जाता है तो एक स्कैनर एवं दो कम्प्यूटर डेस्कटॉप को हटाकर pro database पर दर तय किया जाना चाहिए। इस प्रकार मिनी हार्डवेयर सेट पर सहमति दी गयी तथा pro database पर लगभग निम्नलिखित किराया होता है :-

क्र0	हार्डवेयर	दर	मात्रा	कुल राशि
1	2	3	4	5
01	Server	4950.00 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	01	4950-00
02	Computer (Desktop)	1237.50 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	02	2475.00
03	Scanner	2475.00 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	01	2475.00
04	Printer	412.50 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	02	825.00
05	Webcam+Thumb Device	825.00 रू0 प्रतिनग प्रतिमाह	01	825.00
		कुल राशि		11550.00

सर्वसम्मति से इस मिनी हार्डवेयर सेट का किराया lump Sum लेने पर ₹ 11,000/- (ग्यारह हजार) प्रतिमाह करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सर्वसम्मति से खड़गपुर एवं तारापुर निबंधन कार्यालयों में इस मिनी हार्डवेयर सेट स्थापित करने का निर्णय लिया गया। ऐसा करने पर हार्डवेयर पर आ रहा खर्च वर्तमान व्यय का लगभग दो-तिहाई (66.67%) हो जायेगा।

यह भी तय किया गया कि यदि कभी मिनी हार्डवेयर में कुछ आइटम की संख्या कम-ज्यादा की जाती है तो उपर्युक्त तालिका से Pro-rata basis पर किराया कम या ज्यादा कर निर्धारित किया जायेगा।

सधन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

03/05/12
जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी,
मुंगेर।

03/05/12
जिला अवर निबंधक,
मुंगेर।

03/05/12
सभाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष,
मुंगेर स्कोर।

ज्ञापांक 10 /स्कोर/निबंधन, दिनांक 04.05.12

प्रतिलिपि :- जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, मुगेर/ श्री अजय शर्मा, जिनियस इन्फोटेक, ह0 खड़गपुर/श्री विश्वजीत कुमार पोद्दार, मिलेनियम कम्प्यूटर्स, तारापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/05/12
जिला अवर निबंधक,
मुंगेर।